दिन–गुरूवार दिनांक– 25 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वैश्विक व्यवधानों और अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का निरंतर विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज ग्रेटर नोएडा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इन व्यवधानों के बीच भारत आने वाले दशकों के लिए नींव मजबूत कर रहा है और इसमें देश का संकल्प, आत्मनिर्भर भारत का मंत्र निहित है। श्री मोदी ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनना ही होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार मेक इन इंडिया पर ध्यान केंद्रित कर रही है और चिप से शिप बनाने का लक्ष्य बना रही है। श्री मोदी ने कहा कि आज छोटे दुकानदार और व्यापारी को भी अपने उत्पाद बाजार में बेचने में बाधा नहीं है।

———————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि महागठबंधन अति पिछड़ा समाज के लिए आरक्षण बढ़ाने की बात कर उन्हें गुमराह कर रहा है। श्री जायसवाल ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए महागठबंधन के संकल्प पत्र को ढोंग बताया। उन्होंने कहा कि सत्तर–अस्सी सालों तक कांग्रेस–राजद को अति पिछड़ा समाज की चिंता नहीं थी। अब चुनाव के समय इनके नाम पर केवल बयानबाजी की जा रही है।

———————————————————

भाजपा की जिलावार कोर कमिटी की बैठक आज दूसरे दिन पटना में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आवास पर आयोजित की गयी। बैठक में चौदह जिलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ संभावित उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की गयी। कल बैठक के पहले दिन छब्बीस जिलों के विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा हुई थी।

———————————————————

निगरानी की टीम ने मधुबनी जिले के बाबूबरही इलाके में भूपट्टी चौक के पास छापेमारी कर जिला नियोजन पदाधिकारी मृणाल कुमार चौधरी को बीस हजार रुपये

रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम ने कम्प्यूटर ऑपरेटर राहुल कुमार को भी दस हजार रुपये की रिश्वत की राशि के साथ गिरफ्तार किया है। इन दोनों को पटना स्थित निगरानी की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा।

———————————————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने साहित्यिक समुदाय से भटकाव और डिजिटल युग में गरिमा और मानवता के लक्ष्य को फिर से हासिल करने का आग्रह किया है। राज्यपाल श्री खां आज पटना में चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव उन्मेष के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने लेखकों, कवियों, कलाकारों और विचारकों से साहित्य के सार्वभौमिक गणराज्य और एक सच्चे वैश्विक समाज के निर्माण की दिशा में काम करने का आग्रह किया।एशिया का सबसे बड़ा यह अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव उन्मेष अट्‌ठाईस सितंबर तक चलेगा।

———————————————————————————

शारदीय नवरात्र के चौथे दिन आज माँ दुर्गा के कुष्माण्डा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवी का यह स्वरूप कष्टों और संकटों से मुक्ति दिलाता है। पटना में प्रसिद्ध शक्ति पीठ बड़ी पटनदेवी में मां के दर्शन और पूजन के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी हुयी है। इधर, विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि सुबह से ही मंदिरों और शक्तिपीठों में पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पूरा वातावरण माँ दुर्गा के मंत्रोच्चार से गुंजायमान है।

———————————————————————————

अररिया की उप विकास आयुक्त रोजी कुमारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के क्रियान्वयन में लापरवाही के आरोप में रानीगंज प्रखंड अंतर्गत खरहट पंचायत के ग्रामीण आवास सहायक गौरव कुमार को बर्खास्त कर दिया है।

———————————————————————————

शेखपुरा के जिलाधिकारी आरिफ अहसन के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शहर में सफाई अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी ने **एक दिन, एक घंटा, एक साथ** की थीम के तहत कर्मियों और अधिकारियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

———————————————————————————

सारण जिला मुख्यालय, छपरा में जिलाधिकारी अमन समीर के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अधिकारियों और कर्मियों ने श्रमदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजेन्द्र स्टेडियम से किया गया। इस दौरान **स्वच्छ बनेगा सारण, वोट करेगा सारण** का संकल्प भी लिया गया।

———————————————————————————

रेलवे सुरक्षा बल ने सासाराम रेलवे स्टेशन से सांपों की तस्करी में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से सांपो संरक्षित प्रजाति के दो **रेड सैंड बोआ** सांप बरामद किये गये हैं।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।